मेट्रो-3 का इंटिग्रेटेड ट्रायल रन हुआ पूरा

Pankaj.Pandey@Timesgroup.com

■ **मुंबई:** मुंबई की पहली अंडरग्राउंड मेट्रो में सफर करने के लिए अब मुंबईकरों को ज्यादा इंतजार नहीं करना होगा। मुंबईकरों के लिए खुशखबरी है। मुंबई मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन (एमएसआरसी) ने मेट्रो-3 कॉरिडोर के पहले फेज़ पर इंटिग्रेटेड ट्रायल रन की प्रक्रिया पूरी कर ली है, अब जल्द ही रिसर्च डिजाइन ऐंड स्टैंडर्ड्स ऑर्गेनाइजेशन (आरडीएसओ) का टेस्ट शुरू होगा।

एमएमआरसी ने टेस्ट के लिए किया आवेदन

एमएसआरसी के एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार, इंटिग्रेटेड ट्रायल रन पूरा करने के बाद मेट्रो अनुसंधान डिजाइन और मानक संगठन (आरडीएसओ) के पास मेट्रो की जांच करने का आवेदन भेजा गया है। जून के पहले सप्ताह में पहले फेज़ पर आरडीएसओ टेस्ट शुरू होने की उम्मीद है। आरडीएसओ टेस्ट के दौरान मेट्रो की स्पीड, सिस्टम, सेफ्टी और रोलिंग स्टॉक की जांच की जाती है। आरडीएसओ का सर्टिफिकेट प्राप्त होने के बाद अंतिम सीआरएस टेस्ट के लिए आवेदन किया जाएगा। जुलाई या सितंबर तक सभी आवश्यक प्रक्रिया पूरी होने की उम्मीद है।

पिछले साल से चल रहा है ट्रायल रन

बता दें कि मेट्रो-3 कॉरिडोर के पहले फेज़ के तहत पिछले साल के आखिर से आरे कॉलोनी से बीकेसी के बीच मेट्रो का ट्रायल रन चल रहा है। इस दौरान मेट्रो को उसकी अधिकतम स्पीड से दौड़ा कर उसके सभी उपकरणों की जांच का काम पूरा कर लिया गया है। इसके साथ ही सिग्नलिंग सिस्टम, टेलिकम्युनिकेशन, प्लैटफॉर्म स्क्रीन डोर और ट्रैक की टेस्टिंग का भी काम पूरा हो चुका है।

कारशेड भी हो गया है तैयार

मेट्रो सेवा शुरू करने के साथ ही एमएसआरसी ने आरे कॉलोनी में मेट्रो कारशेड तैयार करने का काम भी तकरीबन पूरा कर लिया है। कारशेड तैयार होने से मेट्रो कोच के रखरखाव की समस्या भी मेट्रो प्रशासन की अब दूर हो गई है। पहले फेज़ में 9 ट्रेनों के साथ मेट्रो सेवा शुरू होगी। इसके तहत, सभी 9 ट्रेनों की जांच का काम भी पूरा कर लिया गया है।

एमएसआरसी के अनुसार, दूसरे फेज़ में मेट्रो सेवा शुरू करने के लिए मेट्रो की अतिरिक्त 11 ट्रेन मुंबई पहुंच चुकी है।